10:27 21.0 KB/S 79%

जबलपुर Logo

बिज़नेस भास्कर

bhaskarhindi.com | Business Standard और The Economist की समतों के साथ | जबलपुर, शुक्रवार 3 दिसंबर, 2026 | 07

ट्रेंड • ₹399 का फैशन छोटे शहरों में जंग का मैदान, कंपनियां तेज़ी से बदल रहीं प्रोडक्ट

ऑनलाइन के दौर में कंपनियों को शोरूम पर भरोसा, 3 साल में 3,891 नए स्टोर खुले

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

ऑनलाइन शॉपिंग के दौर में फैशन कंपनियां का शोरूम पर भरोसा बढ़ रहा है। रिलायंस रिटेल, टाटा ट्रेंट और आदित्य बिड़ला के फैशन कारोबार ने बीते तीन वित्त वर्षों में 3,891 स्टोर जोड़े हैं। इनका संयुक्त नेटवर्क 26 हजार से ज्यादा आउटलेट्स हो चुका है। सबसे दिलचस्प बदलाव यह है कि ज़ा फैशन स्टोर अब सिर्फ बड़े शहरों के महंगे मॉल में नहीं, बल्कि छोटे शहरों और अमरावम के बाजारों में पहुंच रहे हैं। टाटा के जुड़ाव के मार्च 2026 तक 963 स्टोर हो गए, जबकि वित्त वर्ष 2022 में सिर्फ 233 थे। करीब 4 साल में ग्रोसरी चार गुना से ज्यादा हो गया है। कंपनी ने वित्त वर्ष 2026 में ही अकेले 212 स्टोर खोले। कंपनी की सहायक ग्रिफ्टेट के मुताबिक, मॉल के टीयर खोले गए नए स्टोर में 60% से ज्यादा टियर-2, टियर-3 शहरों और टियर-1 शहरों के बाहरी नए बाजारों में थे। जुड़ियां अब भारत के 310 शहरों में मौजूद हैं।

बड़े समूहों की नजर ऐसे ग्राहक पर है, जो नया फैशन चाहता है, लेकिन उस पर हजारों रुपए खर्च नहीं करना चाहता। ऐसे कंज़ीमर्स 800 से कम कीमत वाले टी शर्ट, जींस को अपनी रुटीनीकर का प्रमुख हिस्सा बना रही हैं। आदित्य बिड़ला फैशन के डेटा भी इसकी पुष्टि करते हैं। वित्त वर्ष 2026 की चौथी तिमाही में उनके किराना फैशन कारोबार का राजस्व 19% बढ़कर 1046 करोड़ रुपए हो गया।

रिलायंस रिटेल के स्टोर सबसे ज्यादा, पर टाटा ग्रुप के ट्रेंट की रफ्तार सबसे तेज़

कंपनी	मार्च 2023 में कुल स्टोर	मार्च 2026 में कुल स्टोर	3 साल में बढ़े	बढ़ोतरी की गति
रिलायंस रिटेल	18,040	20,160	2,120	11.8%
टाटा ट्रेंट	590	1,286	696	118%
आदित्य बिड़ला फैशन*	3,546	4,621	1,075	30.3%
कुल	22,176	26,067	3,891	17.5%

*आदित्य बिड़ला फैशन और आदित्य बिड़ला लाइफस्टाइल ब्रांड्स का संयुक्त नेटवर्क। संख्या के विभाजन से रिलायंस ने सबसे ज्यादा 2,120 स्टोर जोड़े, लेकिन प्रतिशत के हिसाब से ट्रेंट सबसे तेजी से बढ़ा। उसका नेटवर्क तीन साल में तंगुने से भी ज्यादा हो गया।

...ताकि ग्राहक अगली विज़िट में चौंक जाए

पहले कंपनियां बड़े फैशन पर सीजन के हिसाब से कलेक्शन बदलती थीं। अब कंसिस्ट है कि ग्राहक अगली बार दुकान आए तो उसे नई डिज़ाइन दिखे।

आदित्य बिड़ला फैशन: चालू तिमाही में 12 नए स्टोर जोड़कर नेटवर्क को 69 तक पहुंचाया। फैशन की रफ्तार भी बढ़ेगी।

ट्रेंट: जुड़ियों का माल लगातार रिफ्रेश किया जाता है। इसका लक्ष्य हर विज़िट पर ग्राहक को नए प्रोडक्ट दिखाना है।

रिलायंस रिटेल: फैशन बिजनेस में हर हफ्ते 300 से ज्यादा नए विक्रय जोड़ रही है, जबकि डिजाइन से स्टोर तक पहुंचने का चक्र करीब 30 दिन है।

भास्कर नॉलेज

कंपनियां स्टोर और छोटे शहरों पर लगा रहीं दांव, क्योंकि अगली बड़ी ग्रोथ इनसे ही आने की उम्मीद

- जुड़ियों ने ऑनलाइन से दूरी रखी है। ट्रेंट के मुताबिक, इस ज़ोन सेगमेंट में ऑनलाइन मैजन की इकनॉमिक्स आकर्षक नहीं है। इसीलिए रणनीति किफायत पर ग्राहक बुलाने के बजाय स्टोर ग्राहक के पास ले जाने की है।
- रेडमार्क की रिपोर्ट कहती है कि भारत के ऑनलाइन फैशन कारोबार का 59% टियर-1 और उसमें छोटे शहरों से आता है। ऐसे में फैशन कंपनियां यहां बड़ा दांव लगा रही हैं। ऑनलाइन फैशन में सबसे तेज़ ग्रोथ 6500 से कम दाम वाले सेगमेंट में हो रही है।
- स्टोर एजेंसी केयानाज़ के डेटा के मुताबिक देश का ₹9.3 लाख करोड़ का कपड़ा बाजार 2030 तक करीब ₹16 लाख करोड़ तक पहुंच सकता है। इसकी अगली बड़ी ग्रोथ छोटे शहरों से आने की उम्मीद है। इसीलिए कंपनियां छोटे शहरों में स्टोर बढ़ा रही हैं।
- रिलायंस जैसे रिटेलर्स के लिए स्टोर सिर्फ बिक्री की जगह नहीं, ऑनलाइन ऑर्डर के फुलफिलमेंट पॉइंट भी हैं। ऑनलाइन के साथ स्टोर की उपयोगिता भी बढ़ रही है।
- 2025 में टियर-3 से 5 तक के छोटे बाजारों में विज़िबिल दिखने खुलने की वृद्धि दर मुंबई, दिल्ली जैसे महानगरों और टियर-1,2 शहरों से आगे निकल गई।

बिज़नेस बीफ

डायरेक्ट टैक्स में सुधारों पर आज होगी चर्चा

नई दिल्ली: लोकसभा की विशेष मामलों की स्थायी समिति गुरुवार को संसद भवन में बैठक करेगी। इसमें राजस्व विभाग और केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के अधिकारी डायरेक्ट टैक्स में सुधार, निष्पक्ष मुकदमा व कर्जमंगल चलाने और अनुपालन आसान करने के तौर-तरीकों पर चर्चा करेंगे। पहले जो डिटेंटो एक्टिव्ज़ से जुड़ी बैठक रद्द कर दी गई थी।

जीरोधा: मार्केट बैंकिंग के लाइसेंस को मंजूरी मिली

मुंबई: टेस की पुरानी सबसे बड़ी ब्रोकिंग फर्म जीरोधा को बाजार नियामक सेबी से मार्केट बैंकिंग लाइसेंस की मंजूरी मिल गई है। जीरोधा कारोबार एडवाइजर्स ने इसी साल अप्रैल में कैप्लो-1 लाइसेंस के लिए आवेदन किया था।

विदेशी करेंसी में बैंक जमा 100 अरब डॉलर पार

मुंबई: आरबीआई की विशेष स्वैप सुविधा के तहत 31 अगस्त की उड़ानान तक विदेशी करेंसी में बैंक डिपॉजिट (एफसीडीएनआर-बी) स्कीम में 100 अरब डॉलर (19.5 लाख करोड़) का निवेश आया। यह रिजर्व बैंक के 80 अरब डॉलर के शुरुआती अनुमान से ज्यादा है।

5 लाख का स्पीकर, इसका ऊनी कवर ही 30 हजार का

ऊनी कवर बड़ा इनोवेशन क्यों?

- सबसे दिलचस्प चुनौती यह थी कि मेटा और ऊनी कपड़ा स्पीकर की आवाज को खराब न करे। इसीलिए कपड़े को कुचलें और बनावट को कई परतों में जांचा और बदला गया।
- बीओसाउंड एए में 7 ड्राइवर और 2 ट्वीटर लगे हैं। प्रीमियरी रेंज 33 हर्ट्ज से 25 किलोहर्ट्ज़ है। इसमें मास आवाज, वोकल पहाड़ ध्वनि और गहरा बेस मिलता है।

मीरज: टेनमार्क की लग्जरी ऑडियो कंपनी बीन एंड ओलुफसेन ने बीओसाउंड एए स्पीकर का नया संस्करण पेश किया है। कवर ऊन से बना है, जिसे डेनिश टेक्सटाइल कंपनी क्वाइट्ज के साथ मिलकर बनाया गया है। कीमत करीब 5 लाख रुपए है, जबकि सिर्फ ऊनी कवर की कीमत 315 डॉलर यानी ₹30 हजार है।

17 सितंबर को रवाना होगी गंगासागर तीर्थ यात्रा

लखनऊ: पिछले लगभग 18 वर्षों से देशभर में धार्मिक एवं आध्यात्मिक तीर्थ यात्राओं का सफल संचालन कर चुकी विप्र सेवा यात्रा सेवा समिति द्वारा 17 सितंबर से 26 सितंबर 2026 तक सपेशल ट्रेन से गंगासागर तीर्थ यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यात्रा को लेकर श्रद्धालुओं में उत्साह बना हुआ है और अब केवल 85 सीटें शेष बची हैं। समिति के अनुसार इस विशेष तीर्थ यात्रा में श्रद्धालुओं को गंगासागर, श्री जगन्नाथ पुरी, श्री कामाख्या देवी के दर्शन कराने के साथ-साथ कोणारक स्थित दक्षिणेश्वर काली मंदिर, कालीघाट काली मंदिर एवं बेलूर मठ का भी दर्शन कराया जाएगा। यात्रा के लिए विशेष रूप से आरक्षित सपेशल ट्रेन की व्यवस्था की गई है। इसमें यात्रियों को बीच यात्रा में ट्रेन बदलने की आवश्यकता नहीं होगी। साथ ही भजन-कीर्तन एवं अन्य धार्मिक कार्यक्रमों का भी आयोजन किया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को आध्यात्मिक वातावरण का अनुभव प्राप्त होगा। समिति के पदाधिकारियों ने बताया कि यात्रा में समिति सेवी उपस्थित हैं।

भारत में चूहों के रास्ते सोने का आयात 125%, अन्य देशों से महज 29% बढ़ा

नई दिल्ली: देश के बाहर सोने आयात में चूहों की बड़ी भूमिका सामने आई है। जीटीआरआई की रिपोर्ट के मुताबिक, इस साल अप्रैल-जून में भारत का सोने की डड़ी का आयात 47.1% बढ़कर 11 अरब डॉलर हो गया। यह तेजी उस अवधि, जब 13 मई को सामान्य आयात शुल्क 6% से बढ़ाकर 15% कर दिया गया। अप्रैल-जून में चूहों से सोने का आयात 124.8% बढ़कर 3.14 अरब डॉलर हो गया।

बिहार के राहुल झा ने दिया गलत पार्किंग पर आगाह करने संपर्क का समाधान

संपर्क मीः सौ रुपए से शुरू हुआ सफर 6.5 लाख यूजर्स तक पहुंचा स्टार्टअप

दैनिक भास्कर स्टार्टअप स्टोरी सपनों से सफलता तक

बबीश मेहर | मुंबई

सड़क पर गलत पार्किंग, कार की साइड लाईन रह जाना या किसी आपात स्थिति में वाहन मालिक से तुरंत संपर्क करना अक्सर मुश्किल हो जाता है। इसकी वजह यह है कि लोग अपना मोबाइल नंबर सार्वजनिक करना नहीं चाहते। ऐसे में एक छोटी-सी समस्या भी बड़ा चार बड़ी परेशानी बन जाती है। इसी रोजमर्रा की समस्या का तकनीकी समाधान लेकर किया है बिहार के मोतिहारी निवासी राहुल झा ने। उनका स्टार्टअप संपर्क मी एक क्यूआर कोड आधारित स्मार्ट कम्युनिकेशन प्लेटफॉर्म है। यह वाहन मालिकों और आम लोगों के बीच सुरक्षित और आसान संपर्क का माध्यम उपलब्ध कराता है। राहुल झा का शुरुआती जीवन बिहार और दिल्ली में बीता। उन्होंने 12वीं के बाद अंबाला स्थित यूनिक मार्केटिंग सिस्टमविज़ाग में मेकेट्रॉनिक्स इंजीनियरिंग में डिप्लोमा किया। पढ़ाई पूरी करने के बाद उन्होंने दिल्ली की गुरुग्रैवन स्टार्टअप कंपनी स्टोक्स बाय लाय में करीब दो महीने काम किया। वहां उन्हें स्टार्टअप इकोसिस्टम, बिजनेस मॉडल और नई तकनीकों को करीब से समझने का मौका मिला।

2020 में लॉन्चः भारत में संपर्क मी प्लेटफॉर्म दिसंबर 2020 में लॉन्च हुआ। मार्च-अप्रैल 2021 में कंपनी को प्रोग्रामटलिन के साथ में हासिल किया गया। इसकी शुरुआती पूंजी भारत 100 रुपए थी, जिसे एसएमएस संपर्क के विचार पर खर्च किया गया था। राहुल ने बाद में अपनेरुप की आपसा रिजर्वो को अपोरसा की जिम्मेदारी सौंपी। इनमें 10 चौथाई डॉक्टरों देकर को-फाउंडर बनाया गया। शुरुआत में क्यूआर का जन्म एसएमएस संपर्क के विचार पर खड़ा हुआ था। राहुल ने बाद में वहां खड़ी एक कार की नंबर प्लेट से प्रेरित था। सात 2024 में कंपनी का जन्म मलबरकर संपर्क मी कार्ड इसे ट्रेडमार्क कराया गया। अमेरिका में कंपनी का यूटिलिटी पेटेंट पेंडिंग है।

असफलता से सीख

राहुल ने नौकरी छोड़कर दो स्टार्टअप शुरू किए- वाइस्पायोगस और एनआरएनेक्स। एनआरएनेक्स एक एचआर और ईआरपी आधारित एसएमएस प्लेटफॉर्म था। इसे स्कूलों, कॉलेजों और कंपनियों के लिए तैयार किया गया था। इसके जरिए कर्मचारी टाइमलेज जब कर सकते थे, छुट्टियां और मैसेजे जैसे चीजें मैनेज कर सकते थे। लेकिन लांच एक नए प्लेटफॉर्म पर अपना निजी डेटा साझा करने से हिचकते थे। आखिर यह स्टार्टअप बंद करना पड़ा। राहुल ने इससे भी सीख ली।

स्पेन में आइडिया

राहुल 2020 में शादी के बाद स्पेन चले गए। कोविड महामारी के दौरान एक दिन उन्होंने एक कार के बोनट से फंसी बिल्ली की आवाज सुनी। कार मालिक से संपर्क करने का कोई तरीका नहीं था। यही घटना राहुल के लिए एक क्रांतिकारी आइडिया की शुरुआत बन गई।

एक रात में तैयार

राहुल ने एक रात में इस आइडिया का पहला वर्जन तैयार किया। शुरुआत में इसमें केवल पैसेंजिर की सुविधा थी। बाद में मालवा कॉल, वाट्सऐप अलर्ट और इमरजेंसी नोटिफिकेशन जैसे फीचर जोड़े गए।

क्या है पैकेज

- बेसिक पैक 499 रुपए का। इसमें दो स्टिकर मिलते हैं।
- 799 रुपए का वार्षिक प्रीमियम प्लान। इसमें डीलक्सेड स्टीकर, इंजेक्शन रिमाइंडर और अन्य स्मार्ट फीचर्स शामिल हैं।
- 6.5 लाख यूजर्स।

कंपनी की आय

- 2021: 3 लाख रुपए
- 2022: 36 लाख रुपए
- 2023: 1.6 करोड़ रुपए
- 2024: 2.7 करोड़ रुपए
- 2025: 4 करोड़ रुपए
- 2026: 6.5 करोड़ रुपए (लक्ष्य)

फंडिंग: 50 करोड़ रुपए।

मार्केटिंग रणनीति

1. मार्केट-फीचर मार्केटिंग रणनीति में गूगल और फेसबुक विज्ञापन, डिजिटल मार्केटिंग, ऑफलाइन प्रमोशन, पोस्टर और होर्डिंग्स मौजूदा शामिल हैं।
2. हैमेस्टर करीब 2.5 लाख रुपए का निवेश कर स्टोक से सकते हैं और उसका बेस बढ़ सकते हैं।

आगे की राह

- कंपनी रोहनवाड़ा अस्पिटल (आगरा), इंजीनियर रिमाइंडर, कार ओनर कम्युनिटी और विविध स्कोर जैसे फीचर लॉन्च करने की तैयारी में है।

इनवायरी-फीडबैक

bivapsh.mehar@dbhaskar.com
9137502146

भास्कर एनालिसिस • महंगाई बढ़ने के बीच मजबूत होता डॉलर दिखा रहा असर

बाजार तीसरे दिन भी गिरा, सेंसेक्स 374 अंक टूटा

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

तेल की कीमतों में उछाल और चीन में कमाई (सीटद) बढ़ने से दुनियाभर में मांगों को लेकर चिंता बढ़ी है। इसे देखते हुए निवेशक अब कम रिस्क ले रहे हैं। इसके चलते बुधवार को लगातार तीसरे दिन शेयर बाजार में गिरावट आई। सेंसेक्स 374 अंक (0.49%) टूटकर 76,570 पर और निफ्टी 141 अंकों (0.59%) की गिरावट के साथ 23,914 पर बंद हुआ। निफ्टी50 इंडेक्स में आयल सेटर्स, बिग इंडिया और बजाज ऑटो सबसे ज्यादा टूटने वाले रहे। मिडकैप 0.53% और स्मॉलकैप इंडेक्स 0.37% टूट गए। निफ्टी ऑटो 2% गिरा, ऑटो और मीडिया इंडेक्स भी कमजोर रहे। वहीं ऑयल-गैस, सरकारी बैंक और रियल्टी शेयरों में बेहतर प्रदर्शन किया।

एफआईआई ने 29,631 करोड़ लगाए, 23 माह का बेस्ट

अगस्त में विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने भारतीय शेयरों में ₹29,631 करोड़ का निवेश किया। यह 23 महीनों का सबसे ज्यादा मासिक निवेश है। अगस्त लगातार दूसरा महीना रहा, जब विदेशी निवेशक शुद्ध खरीदार बने। जुलाई में भी उन्होंने ₹20,220 करोड़ लगाए थे। जून की भारी बिकवाली (₹49,340 करोड़) के बाद जुलाई-अगस्त का कुल विदेशी निवेश ₹49,831 करोड़ रहा। रुपए को सहारा देने के लिए भारतीय रिजर्व बैंक की पहल और वस्तुतः तिमाही नतीजों ने विदेशी निवेशकों का सेंटिमेंट सुधारने में मदद की।

अमेरिका में महंगाई कम नहीं हो रही, ये सबसे बड़ा रिस्क: आईटी, मेटल, फॉर्मा में तेज़ी दिख सकती है

भास्कर एक्सपर्ट

अमरीश वालिया
स्टॉक मार्केट विश्लेषक

अमरीश में महंगाई का असर: बाजार पर अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेड का रुख असर दिख रहा है। इसका असर आगे हमने भी रहेगा। फेड प्रमुख केविन वॉर्श ने महज दरें बढ़ाने के संकेत दिए हैं क्योंकि महंगाई कम नहीं हो रही। इससे अमरीका में ब्याज दरें बढ़ने की आशंका गहरा गई है। यह दुनियाभर के बाजारों को कमजोर कर रहा है।

क्रूड: ब्रेंट, डब्लूटीआई का रहीं मजबूत: क्रूड ऑयल और गोल्ड की चाल भारतीय बाजार के लिए अहम हो गई है। ब्रेंट्स जब मार्च की लेवल पर पहुंचा है तब बाजार की चाल तय करेंगे।

सेक्टर: आईटी, मेटल और फार्मा शेयर अभी पलटकर बाजारों दिखा सकते हैं, हालांकि एफएमसीजी और ऑयल-गैस शेयर कमजोर बने रहेंगे। निफ्टी के लिए 24,000 एवं आइस मजबूत है, लेकिन इसे 24,300-24,400 के ऊपर जाने में दिक्कत आएगी।

जबलपुर बाजार भाव

सराफा

(चतुर्वेदी जैम एंड ज्वेलर्स, श्याम टॉकीज मालवीय चौक) मोबाइल नं.- 9425324627 (महाना एसोसिएशन द्वारा अनुमोदित रेट) शुद्ध सोना 24 कैरेट 1,55,500 रुपये प्रति 10 ग्राम (जीएसटी व टैक्स शामिल) शुद्ध चांदी 2,34,000 रुपये प्रति किलो (जीएसटी सहित)।

तेल बाजार

पुरुषोत्तम साहू, निवाड़गंज, (फोन 6260202808) सोयाबीन तेल 13 किलो 2300-2340, सोयाबीन तेल 15 किलो 2580-2600, मजबूतवार तेल 13 किलो 2660- 2750, सरसों तेल 13 किलो 2750-2850, मूंगफली तेल 13 किलो 2900, मूंगफली तेल 15 किलो 3100-3150, बनस्पति प्रति किलो 140-175, जरिफल तेल प्रति किलो 575-625 रुपए रहे।

अनाज भाव

पुरुषोत्तम साहू, निवाड़गंज, (फोन 6260202808) अनाज प्रति क्विंटल- गेहूं हल्का- 30-32, गेहूं मीडियम 34-36, ऊना- 39-41, गेहूं सुजात 36-37, लोकमन 31-32, गेहूं लोकमी 38-42, चावल 38-42, चावल मीडियम 50-60, चावल हल्का 75-80, कनकी 29-31, खंडा 36-42, बोलड खंडा 46-48, बनसमी कनकी 30-35, बनसमी खंडा 45-52, बनसमी बोलड खंडा 58-62, बुंजिया चावल 38-40, बनसमी चावल 85-130 रुपए) गोलडन सेला मीडियम 65-120, गोलडन सेला ऊन्ना 120-130, शिन्नू भोग नया 130-145, काली मूंग चावल 72-85, राहर दाल 70-85, राहर दाल मीडियम 110-115, राहर दाल बोलड 130-140, चना दाल 75-80, चना दाल बोलड 85-90, मसूर दाल 80-85, मूंग दाल छिलका 95-100, मूंग दाल धुली 110-115, उड़द दाल छिलका 110-120, उड़द दाल धुली 125-130 रुपए)।

आम सूचना

इस आम सूचना के माध्यम से हा आम और खास को सूचित किया जाता है कि मेरे पासपोर्ट विभाग निवेदिका, आदित्य निवेदिका, दोनों जा. जबलपुर निवासी, दोनों निवासी- सीपीव पाटा भाटा महल जबलपुर द्वारा इस पुत्र, पत्नी 07, पत्र 162, दोनों पुत्र, आदित्य वेलकाइट, जिला-जबलपुर निवास भूमि खसरा नं.747/2, 747/21, 748/2 का भाग पाटा नं. 410 लम्बा 2400 वर्गफुट में के 1600 वर्गफुट पाटा को अपने स्वयंनी योग्य मुनाफा वर्ष लिया जो लिए मुनाफा वर्ष, निवासी इस पुत्रका जबलपुर वासी के कारकारी का बीच किया गया है और सीध में विक्रय पत्र निष्पादित किया जाना है, यदि किसी व्यक्ति, साहबीय, अशासकीय/निगीय संस्था को इस विक्रय पत्र यदि कोई के संबंध में कोई आपत्ति हो तो निवेदक स्वयं के कार्यालय में इस सूचना के प्रकाशन के 07 दिनों के भीतर प्रस्तुत करें अन्यथा मेरी सहमति एवं सम्पत्ति का पंजीकृत विक्रय पत्र निष्पादित कर देंगे एवं बाद में मेरी कोई आपत्ति अथवा दावे नहीं और मेरा पासपोर्ट पर कार्यवाही नहीं करेंगे। जबलपुर दिनांक 02.09.2026

अजय विनोदिया (अधिवक्ता)
एडवोकेट, कलेक्टर कार्ट, पॉलिटेक्निक, जबलपुर मो.9827044987, 9425044987

आम सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि मेरे पासपोर्ट द्वारा मौजा बिजना, ख.नं.82, ख.नं.46 (सरकार विभाग), बिजना पुराना चार्ज के अंतर्गत, आदीवास सहकारी, जिला जबलपुर में स्थित भूमि खसरा नं.81/8, का कुल रकबा 30 × 84 = 1260 वर्गफुट खरीद करने का बीच बीजीसी कार्यालय जैन पति की बाद सकारा जैन, निवासी 2697, पुराना जैन कॉलोनी के पास, जबलपुर रोड, पाटा, सिद्धी चार्ज, जबलपुर (म.प्र.) पाटा में का भाग लिया गया है। बीजीसी कार्यालय जैन के निकाय पत्र में पाटा खसरा 30×84 = 1260 वर्गफुट लिखा है, लेकिन यहां में पाटा खसरा 84×30= 1260 वर्गफुट पाटा लिखा गया है। अतः जनहित सामान्य के सम्मान में यदि किसी भी व्यक्ति, फर्म, बैंक या निगीय संस्था, सरकारीय अथवा अर्धसरकारीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह मूल दस्तावेजों सहित प्रकाशन दिनांक से सात दिन के भीतर, यानी 10 सितंबर 2026 तक मेरे कार्यालय में आपत्ति दर्ज करा सकते हैं। निर्धारित अवधि समाप्त होने पर बाद, यह दिन के बाद की गई किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति मान्य नहीं की जाएगी, और सहमतियों का पंजीकरण कर दिया जाएगा। जबलपुर दिनांक 02.09.2026

अमित कुशवाहा (अधिवक्ता)
एडवोकेट, कलेक्टर कार्ट, पॉलिटेक्निक, जबलपुर मो.9827044987, 9425044987

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार, कुम्हारी (कोल) जिला जबलपुर
प्रकरण / 3386/ अ-6/ 2026- 2027
जबलपुर, दिनांक: 27/09/2026
आम इश्तहार

[illegible]

अति.तहसीलदार
कुम्हारी (जिला जबलपुर)

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
नीलामी सूचना (अचल सम्पत्ति हेतु)

[illegible]

क्र. सं.	कर्जदार(ओं), जमानतदार(ओं) व बंधक संपत्ति(यों) के मालिक का नाम	अचल सम्पत्ति का विवरण	आरक्षित मूल्य/ अग्रिम जमाराशि/ बिड बढ़ोतरी राशि	नीलामी दिनांक/ समय	ई-नीलामी का लिंक एवं बैंक के प्रभार
1.	कर्जदार(ओं)-मेसर्स सुमन ट्रेडर्स प्रोपराइटर श्री प्रवीण- बीजली सुमन पुत्र श्री बीजली लोरी पुत्र, बंधककर्ता कार्यालय- 2/421बी, कालाकाटा कोई पास, इमलाकाटा-2110 10, गोदाम का पता- इमलाकाटा साइज मिल, [illegible]	[illegible]	रिजर्व मूल्य ₹ 2,08,36,000/- अग्रिम जमाराशि ₹ 20,83,600/- बिड बढ़ोतरी राशि ₹ 1,00,000	03.09.2026 से 03.09.2026 समय 11.00 बजे से समय 4.00 बजे तक	30.09.2026 समय 4.00 बजे तक

[illegible]

नोट- चल सम्पत्ति के, कर्जदारों व गारंटीर/ जमानतदारों के नाम एवं पता विवरण दिया है, लेकिन अभी तक कोई लेन नहीं आयी है। किसी भी विवरण एवं शर्तों की विस्तृत जानकारी के लिए बुलाया निष्पादित लिंक का अवलोकन करें- https://www.bankofbaroda.in/e-auction.htm और अचलसम्पत्ति नीलामी https://bankofbaroda.in/e-auction/ [illegible]

दिनांक:- 31.08.2026, स्थान:- इमलाकाटा
अधिकृत अधिकारी, बैंक ऑफ बड़ौदा